(3) Suit for the compensation for any wrong in respect to moveable property shall be instituted in the court within the local limits of whose jurisdiction the property is found. / जंगम संपत्ति के संबंध में किसी दोष के लिए प्रतिकर हेतु वाद उस न्यायालय में संस्थित किया जाएगा जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वह संपत्ति पाई जाती है। ✔

(4) Suit for the compensation for any wrong in respect to immoveable property shall be instituted in the court within the local limits of whose jurisdiction the property is situated. / स्थावर संपत्ति के संबंध में किसी दोष के लिए प्रतिकर हेतु वाद उस न्यायालय में संस्थित किया जाएगा जिसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वह संपत्ति स्थित है।

Q.66 Shivani has filed for maintenance against her estranged husband Pramod who earns a salary of INR 1,20,000/- per month.

[Section 60 CPC provides:

"The following property is liable to attachment and sale in execution of a decree, namely, lands, houses or other buildings, goods, in money, bank-notes, cheques, bills of exchange, hundis, promissory notes, Government securities, bonds or other securities for money, debts, shares in a corporation and, save as

hereinafter mentioned, all other saleable property, movable or immovable, belonging to the judgment-debtor, or over which, or the profits of which, he has a disposing power which he may exercise for his own benefit, whether the same be held in the name of the judgment-debtor or by another person in trust for him or on his behalf:
Provided that the following particulars shall not be liable to such attachment or sale, namely:-
(a) the necessary wearing-apparel, cooking vessels, beds and bedding of the judgment-debtor, his wife and children, and such personal ornaments as, in accordance with religious usage, cannot be parted with by any woman; ...
(c) houses and other buildings (with the materials and the sites thereof and the land immediately appurtenant thereto and necessary for their enjoyment) belonging to an agriculturist and occupied by him;
(d) books of account ...
(i) salary to the extent of 9 [the first 10 [one thousand rupees] and two third of the remainder] 11 [in execution of any decree other than a decree for maintenance]:
(ia) one-third of the salary in execution of any decree for maintenance; ...
(n) a right to future maintenance ..."]
In light of the above Section, to what extent under Section 60 CPC can the Court attach Pramod's salary in execution of the decree ?
शिवानी ने अपने से अलग रह रहे पति प्रमोद के विरुद्ध भरण-पोषण के लिए वाद दायर किया है, जो प्रति माह INR 1,20,000/- का वेतन अर्जित करता है।
[सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 60 उपबंधित करती है:
"निम्नलिखित संपत्ति डिक्री के निष्पादन में कुर्की और विक्रय के दायित्वाधीन है, अर्थात्: भूमि, गृह या अन्य निर्माण, माल, धन, बैंक-नोट, चेक, विनिमय-पत्र, हुंडियाँ, वचन-पत्र, सरकारी प्रतिभूतियाँ, धन के लिए बंधपत्र या अन्य प्रतिभूतियाँ, ऋण, निगम में के अंश और इसमें इसके पश्चात् वर्णित के सिवाय, निर्णीत-ऋणी की ऐसी सभी अन्य विक्रेय संपत्ति, चाहे वह जंगम हो या स्थावर, जो निर्णीत-ऋणी की है या जिस पर या जिसके लाभों पर उसे व्ययन की ऐसी शक्ति प्राप्त है जिसका प्रयोग वह अपने फायदे के लिए कर सकता है, चाहे वह निर्णीत-ऋणी के नाम में धारित हो या उसके लिए न्यास के रूप में या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा धारित हो:
परंतु निम्नलिखित विशिष्टियाँ ऐसी कुर्की या विक्रय के दायित्वाधीन नहीं होंगी, अर्थात्:-
(a) निर्णीत-ऋणी, उसकी पत्नी और बच्चों के आवश्यक पहनने के कपड़े, खाना पकाने के बर्तन, शय्या और बिछौने तथा ऐसे वैयक्तिक आभूषण जिन्हें धार्मिक प्रथा के अनुसार कोई स्त्री अपने से अलग नहीं कर सकती; ...
(c) किसी कृषक के और उसके अधिभोग में के गृह और अन्य निर्माण (उनकी सामग्री और स्थलों तथा उनसे ठीक अनुलग्न और उनके उपभोग के लिए आवश्यक भूमि सहित);
(d) लेखा बहियाँ ...
(i) 9 [पहले 10 [एक हजार रुपए] और शेष का दो-तिहाई] की सीमा तक वेतन 11 [भरण-पोषण की डिक्री से भिन्न किसी डिक्री के निष्पादन में]:
(ia) भरण-पोषण की किसी डिक्री के निष्पादन में वेतन का एक-तिहाई; ...
(n) भावी भरण-पोषण का अधिकार ..."]
उपर्युक्त धारा के आलोक में, डिक्री के निष्पादन में न्यायालय सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 60 के अंतर्गत प्रमोद के वेतन को किस सीमा तक कुर्क कर सकता है?

(1) INR 60,000/-
(2) INR 40,000/-
(3) **INR 80,000/-** ✔
(4) Salary cannot be attached in the execution of a decree of maintenance. / भरण-पोषण की डिक्री के निष्पादन में वेतन कुर्क नहीं किया जा सकता।

Q.67 Bahubali lived in Mahishmati. The civil court of Mahishmati had pecuniary jurisdiction upto Rs.10,000, while the civil court of Kuntala had pecuniary jurisdiction upto Rs.20,000. In a dispute with his brother, Bahubali had a claim of Rs.17,000. However, as he wanted to stay in Mahishmati only, he filed a suit before its civil court for claiming Rs.10,000. He won the suit. Now, he is thinking to file another suit to claim the remaining amount of Rs.7,000 before the Mahishmati civil court. His legal advisor Katappa read the following sections of CPC to Bahubali:

[Section 11: "No Court shall try any suit or issue in which the matter directly and substantially in issue has been directly and substantially in issue in a former suit between the same parties, or between parties under whom they or any of them claim, litigating under the same title, in a Court competent to try such subsequent suit or the suit in which such issue has been subsequently raised, and has been heard and finally decided by such Court."
Order II, Rules 1 and 2: "(1) Every suit shall include the whole of the claim which the plaintiff is entitled to make in respect of the cause of action; but a plaintiff may relinquish any portion of his claim in order to bring the suit within the jurisdiction of any Court. (2) Where a plaintiff omits to sue in respect of, or intentionally relinquishes, any portion of his claim he shall not afterwards sue in respect of the portion so omitted or relinquished.]
Which of the following is most accurate?

बाहुबली माहिष्मती में रहता था। माहिष्मती के सिविल न्यायालय की धन-संबंधी अधिकारिता Rs.10,000 तक थी, जबकि कुंतल के सिविल न्यायालय की धन-संबंधी अधिकारिता Rs.20,000 तक थी। अपने भाई के साथ एक विवाद में बाहुबली का Rs.17,000 का दावा था। तथापि, चूँकि वह केवल माहिष्मती में ही रहना चाहता था, उसने Rs.10,000 का दावा करते हुए वहाँ के सिविल न्यायालय के समक्ष वाद दायर किया। वह वाद जीत गया। अब वह शेष Rs.7,000 की राशि का दावा करने के लिए माहिष्मती सिविल न्यायालय के समक्ष एक अन्य वाद दायर करने का विचार कर रहा है। उसके विधिक सलाहकार कटप्पा ने बाहुबली को सिविल प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित धाराएँ पढ़कर सुनाईं:
[धारा 11: "कोई भी न्यायालय किसी ऐसे वाद या विवाद्यक का विचारण नहीं करेगा जिसमें प्रत्यक्षतः और सारतः विवाद्य विषय उन्हीं पक्षकारों के बीच के, या ऐसे पक्षकारों के बीच के जिनसे व्युत्पन्न अधिकार के अधीन वे या उनमें से कोई दावा करते हैं, उसी हक के अधीन मुकदमा करते हुए, किसी पूर्ववर्ती वाद में ऐसे न्यायालय में प्रत्यक्षतः और सारतः विवाद्य रहा है जो ऐसे पश्चात्वर्ती वाद का या उस वाद का, जिसमें ऐसा विवाद्यक पश्चात् उठाया गया है, विचारण करने के लिए सक्षम था, और ऐसे न्यायालय द्वारा सुना जा चुका है और अंतिम रूप से विनिश्चित किया जा चुका है।"
आदेश II, नियम 1 और 2: "(1) हर वाद में वह पूरा दावा सम्मिलित होगा जिसे वादी वाद-हेतुक के संबंध में करने का हकदार है; किंतु वादी किसी न्यायालय की अधिकारिता के भीतर वाद लाने के लिए अपने दावे के किसी भाग का त्याग कर सकेगा। (2) जहाँ वादी अपने दावे के किसी भाग के संबंध में वाद लाने का लोप करता है या उसका साशय त्याग करता है, वहाँ वह इस प्रकार लोप किए गए या त्यागे गए भाग के संबंध में पश्चात् वाद नहीं लाएगा।]
निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे सटीक है?

(1) Bahubali can claim the rest Rs.7,000 before the Mahishmati civil court. / बाहुबली शेष Rs.7,000 का दावा माहिष्मती सिविल न्यायालय के समक्ष कर सकता है।

(2) Bahubali cannot claim Rs.7,000 now before the Mahishmati civil court. / बाहुबली अब माहिष्मती सिविल न्यायालय के समक्ष Rs.7,000 का दावा नहीं कर सकता। ✔

(3) Bahubali can claim Rs.7,000 before Kuntala civil court. / बाहुबली कुंतल सिविल न्यायालय के समक्ष Rs.7,000 का दावा कर सकता है।

(4) Either (1) or (3) / या तो (1) या (3)

Q.68 A decision or finding given by a court or a tribunal without jurisdiction
अधिकारिता के बिना किसी न्यायालय या अधिकरण द्वारा दिया गया विनिश्चय या निष्कर्ष

(1) can operate as res-judicata under all circumstances. / सभी परिस्थितियों में पूर्व-न्याय (res-judicata) के रूप में प्रवर्तित हो सकता है।

(2) cannot operate as res-judicata. / पूर्व-न्याय (res-judicata) के रूप में प्रवर्तित नहीं हो सकता। ✔

(3) can operate as res-judicata under certain circumstances only. / केवल कुछ परिस्थितियों में ही पूर्व-न्याय (res-judicata) के रूप में प्रवर्तित हो सकता है।

(4) may or may not operate as res-judicata. / पूर्व-न्याय (res-judicata) के रूप में प्रवर्तित हो भी सकता है और नहीं भी।

Q.69 The expression "costs shall follow the event" in a civil suit implies

किसी सिविल वाद में "खर्चे परिणाम का अनुसरण करेंगे" (costs shall follow the event) पद का तात्पर्य है

(1) the successful party is entitled to his costs. / सफल पक्षकार अपने खर्चे पाने का हकदार है। ✔

(2) each party shall bear his own costs. / प्रत्येक पक्षकार अपने खर्चे स्वयं वहन करेगा।

(3) the successful party is not entitled to his costs. / सफल पक्षकार अपने खर्चे पाने का हकदार नहीं है।

(4) each party shall not bear his own costs. / प्रत्येक पक्षकार अपने खर्चे स्वयं वहन नहीं करेगा।

Q.70 Which of the following shall be counted as out of court settlement under CPC?

सिविल प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत निम्नलिखित में से किसे न्यायालय से बाहर समझौते के रूप में गिना जाएगा?

(1) Only settlement through Lok Adalat. / केवल लोक अदालत के माध्यम से समझौता।

(2) Only Settlement through Lok Adalat as well as Mediation. / केवल लोक अदालत के साथ-साथ मध्यकता के माध्यम से समझौता।

(3) Arbitration, Mediation, Conciliation, but not settlement through Lok Adalat. / माध्यस्थम्, मध्यकता, सुलह, किंतु लोक अदालत के माध्यम से समझौता नहीं।

(4) Arbitration, Mediation, Conciliation, settlement through Lok Adalat. / माध्यस्थम्, मध्यकता, सुलह, लोक अदालत के माध्यम से समझौता। ✔

Contract Act

Q.71 Which of the following is incorrect?

निम्नलिखित में से कौन-सा गलत है?

(1) Contract with a minor is void. / अवयस्क के साथ संविदा शून्य है।

(2) An agreement against public policy, if the court so finds, is void. / लोक नीति के विरुद्ध करार, यदि न्यायालय ऐसा पाता है, शून्य है।

(3) An agreement, the meaning of which is not certain, is still valid. / ऐसा करार, जिसका अर्थ निश्चित नहीं है, फिर भी विधिमान्य है। ✔

(4) Contingent contracts are legal. / समाश्रित संविदाएँ वैध हैं।

Q.72 A, under coercion from B, enters into an agreement to pay B a sum of Rs.2,000 every month. The said agreement is

A, B के प्रपीड़न के अधीन, B को प्रति माह Rs.2,000 की राशि का संदाय करने का करार करता है। उक्त करार है

(1) Void. / शून्य।

(2) Voidable. / शून्यकरणीय। ✔

(3) Valid. / विधिमान्य।

(4) Contingent. / समाश्रित।

Q.73 Anand promises, for no consideration, to give to Parveen Rs.1000, but fails to do so. Can the promise be enforced?

आनंद बिना किसी प्रतिफल के परवीन को Rs.1000 देने का वचन देता है, किंतु ऐसा करने में असफल रहता है। क्या वचन प्रवर्तित कराया जा सकता है?

(1) No, this is a voidable agreement. / नहीं, यह शून्यकरणीय करार है।

(2) Yes, this is a valid agreement. / हाँ, यह विधिमान्य करार है।

(3) No. this is a void agreement. / नहीं, यह शून्य करार है। ✔

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.74 Riddhi and Siddhi enter into a contract that stipulated that Riddhi shall deliver gold articles to Siddhi at a price to be paid by Siddhi in installments and first installment shall be paid ten days in advance from the date fixed for the delivery of the articles. Siddhi did not pay the first installment within the stipulated time but offers that she will do the payment subsequently. Which of the following is correct?

ऋद्धि और सिद्धि एक संविदा करती हैं जिसमें यह अनुबद्ध है कि ऋद्धि, सिद्धि को स्वर्ण वस्तुएँ परिदत्त करेगी, जिनकी कीमत का संदाय सिद्धि किस्तों में करेगी और पहली किस्त वस्तुओं के परिदान के लिए नियत तारीख से दस दिन पहले संदत्त की जाएगी। सिद्धि ने अनुबद्ध समय के भीतर पहली किस्त का संदाय नहीं किया किंतु वह प्रस्थापना करती है कि वह संदाय बाद में करेगी। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(1) Riddhi needs to deliver the articles to Siddhi. / ऋद्धि को सिद्धि को वस्तुएँ परिदत्त करनी होंगी।

(2) Riddhi need not deliver the articles to Siddhi. / ऋद्धि को सिद्धि को वस्तुएँ परिदत्त करने की आवश्यकता नहीं है। ✔

(3) Court will decide whether Riddhi needs to deliver the articles to Siddhi. / न्यायालय यह विनिश्चित करेगा कि ऋद्धि को सिद्धि को वस्तुएँ परिदत्त करनी होंगी या नहीं।

(4) The delay is irrelevant since Siddhi has offered to make the payment subsequently. / विलंब असंगत है क्योंकि सिद्धि ने बाद में संदाय करने की प्रस्थापना की है।

Q.75 Arpita is an owner of a factory producing umbrellas. She intends to sell this factory. Though, the production capacity of the factory is 400 umbrellas per day, Arpita leads Bilal to believe that the factory is producing 500 umbrellas per day. Bilal examines the accounts of the factory which are in consonance with its actual production capacity, and enters into a contract to buy the factory. Later, he challenges the agreement under the ground of misrepresentation under Section 25, which provides: "When consent to an agreement is caused by... misrepresentation, the agreement is a contract voidable at the option of the party whose consent was so caused. Exception.—If such consent was caused by misrepresentation or by silence..., the contract, nevertheless, is not voidable, if the party whose consent was so caused had the means of discovering the truth with ordinary diligence." Which of the following statements is most accurate?

अर्पिता छाते बनाने वाले एक कारखाने की स्वामी है। वह इस कारखाने को बेचना चाहती है। यद्यपि कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन 400 छाते है, अर्पिता, बिलाल को यह विश्वास दिलाती है कि कारखाना प्रतिदिन 500 छाते का उत्पादन कर रहा है। बिलाल कारखाने के लेखाओं की जाँच करता है, जो उसकी वास्तविक उत्पादन क्षमता के अनुरूप हैं, और कारखाना खरीदने की संविदा कर लेता है। बाद में, वह धारा 25 के अंतर्गत दुर्व्यपदेशन के आधार पर करार को चुनौती देता है, जो उपबंधित करती है: "जब किसी करार के लिए सम्मति... दुर्व्यपदेशन द्वारा कारित की गई हो, तब वह करार ऐसी संविदा है जो उस पक्षकार के विकल्प पर शून्यकरणीय है जिसकी सम्मति इस प्रकार कारित हुई थी। अपवाद.—यदि ऐसी सम्मति दुर्व्यपदेशन द्वारा या मौन द्वारा... कारित की गई थी, तो भी संविदा शून्यकरणीय नहीं है, यदि वह पक्षकार, जिसकी सम्मति इस प्रकार कारित हुई थी, मामूली तत्परता से सत्य का पता चलाने के साधन रखता था।" निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे सटीक है?

(1) Contract is voidable due to Arpita's fraud. / अर्पिता के कपट के कारण संविदा शून्यकरणीय है।

(2) Contract is voidable due to Arpita's misrepresentation. / अर्पिता के दुर्व्यपदेशन के कारण संविदा शून्यकरणीय है।

(3) Contract is not voidable on account of Arpita's misrepresentation. / अर्पिता के दुर्व्यपदेशन के कारण संविदा शून्यकरणीय नहीं है। ✔

(4) Contract is void on account of Bilal's mistake. / बिलाल की भूल के कारण संविदा शून्य है।

Q.76 Akhil becomes surety to Chandan for Bhushan's conduct as a manager of Chandan's bank. Afterwards, Bhushan and Chandan contract without Akhil's permission that Bhushan shall become liable for one-fourth of the losses on overdraft by any customer. Bhushan allows a customer to overdraw and the bank loses a sum of money. To make good this loss Akhil is -

अखिल, चंदन के बैंक के प्रबंधक के रूप में भूषण के आचरण के लिए चंदन के प्रति प्रतिभू बनता है। तत्पश्चात्, भूषण और चंदन, अखिल की अनुमति के बिना, संविदा करते हैं कि किसी भी ग्राहक द्वारा ओवरड्राफ्ट से होने वाली हानियों के एक-चौथाई के लिए भूषण दायी होगा। भूषण एक ग्राहक को ओवरड्रॉ करने देता है और बैंक को कुछ धनराशि की हानि होती है। इस हानि की पूर्ति के लिए अखिल -

(1) wholly liable. / पूर्णतः दायी है।

(2) not liable. / दायी नहीं है। ✔

(3) liable to the extent of one-fourth of the loss. / हानि के एक-चौथाई की सीमा तक दायी है।

(4) liable to the extent of three-fourths of the loss. / हानि के तीन-चौथाई की सीमा तक दायी है।

Q.77 There may be a contract without consideration if

प्रतिफल के बिना संविदा हो सकती है यदि

(1) Agreement is in writing and registered. / करार लिखित और रजिस्ट्रीकृत है।

(2) For Past voluntary services or time barred debt. / पूर्व में की गई स्वैच्छिक सेवाओं या कालवर्जित ऋण के लिए।

(3) Agreement is made due to natural love and affection. / करार नैसर्गिक प्रेम और स्नेह के कारण किया गया है।

(4) In all above cases. / उपर्युक्त सभी मामलों में। ✔

Q.78 Section 23 of the Contract Act provides: "The consideration or object of an agreement is lawful, unless — it is forbidden by law; or is of such a nature that if permitted, it would defeat the provisions of any law; or is fraudulent; or involves or implies injury to the person or property of another; or the Court regards it as immoral, or opposed to public policy... Every agreement of which the object or consideration is unlawful is void."

Based on above, consider the following scenario: S enters a contract to obtain for B an employment in the public service, and B promises to pay 1,00,000 rupees to S. Which of the following is correct?

संविदा अधिनियम की धारा 23 उपबंधित करती है: "किसी करार का प्रतिफल या उद्देश्य विधिपूर्ण है, सिवाय जबकि— वह विधि द्वारा निषिद्ध हो; अथवा वह ऐसी प्रकृति का हो कि यदि वह अनुज्ञात किया जाए तो वह किसी विधि के उपबंधों को विफल कर देगा; अथवा वह कपटपूर्ण हो; अथवा उसमें किसी अन्य के शरीर या संपत्ति को क्षति अंतर्ग्रस्त हो या विवक्षित हो; अथवा न्यायालय उसे अनैतिक या लोक नीति के विरुद्ध मानता हो... हर करार, जिसका उद्देश्य या प्रतिफल विधिविरुद्ध है, शून्य है।"

उपर्युक्त के आधार पर, निम्नलिखित परिदृश्य पर विचार कीजिए: S, B के लिए लोक सेवा में नियोजन प्राप्त कराने की संविदा करता है, और B, S को 1,00,000 रुपए का संदाय करने का वचन देता है। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(1) The agreement is valid, as there was a consideration and an acceptance. / करार विधिमान्य है, क्योंकि प्रतिफल और प्रतिग्रहण दोनों थे।

(2) The agreement is voidable at the instance of any of the parties. / करार किसी भी पक्षकार की प्रेरणा पर शून्यकरणीय है।

(3) The agreement is void. / करार शून्य है। ✔

(4) Both (1) and (2) / (1) और (2) दोनों

Q.79 A took an education loan without interest of Rs. 1,00,000 from his uncle Z. Impressed with A's educational progress and being affectionate with him, Z enters into a written agreement with A that he does not need to return the money. Subsequently, Z is in need of money, and demands Rs. 1,00,000 from A. However, A refuses to pay, while relying on Section 25, which provides: "An agreement made without consideration is void, unless— (1) it is expressed in writing and registered under the law for the time being in force for the registration of documents, and is made on account of natural love and affection between parties standing in a near relation to each other". Z is angry with A. Which of the following is true?

A ने अपने चाचा Z से Rs. 1,00,000 का ब्याज-रहित शिक्षा ऋण लिया। A की शैक्षिक प्रगति से प्रभावित होकर तथा उसके प्रति स्नेह होने के कारण, Z, A के साथ एक लिखित करार करता है कि उसे धन लौटाने की आवश्यकता नहीं है। तत्पश्चात्, Z को धन की आवश्यकता होती है, और वह A से Rs. 1,00,000 की माँग करता है। तथापि, A धारा 25 पर निर्भर करते हुए संदाय करने से इनकार कर देता है, जो उपबंधित करती है: "प्रतिफल के बिना किया गया करार शून्य है, जब तक कि— (1) वह लिखित रूप में अभिव्यक्त और दस्तावेजों के रजिस्ट्रीकरण के लिए तत्समय प्रवृत्त विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत न हो, और एक-दूसरे से निकट संबंध रखने वाले पक्षकारों के बीच नैसर्गिक प्रेम और स्नेह के कारण न किया गया हो"। Z, A से नाराज़ है। निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(1) The agreement between A and Z is valid. / A और Z के बीच करार विधिमान्य है।

(2) The agreement is voidable at the instance of Z, because there is no affection between them now. / करार Z की प्रेरणा पर शून्यकरणीय है, क्योंकि अब उनके बीच कोई स्नेह नहीं है।

(3) The agreement is void ab initio. / करार आरंभ से ही शून्य (void ab initio) है। ✔

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.80 A agrees with B to discover treasure by magic. The agreement is

A, B के साथ जादू द्वारा खजाना खोजने का करार करता है। यह करार है

(1) Valid. / विधिमान्य।

(2) Void. / शून्य। ✔

(3) Voidable. / शून्यकरणीय।

(4) None of the Above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

QuickSarkari.com | WhatsApp Channel | Telegram: t.me/quick_sarkari

Latest Developments in Law

Q.81 In Trimurthi Fragrances (P) Ltd. v. State (NCT of Delhi), 2022 SCC OnLine SC 1247, the Supreme Court delivered a landmark judgment on overruling precedents. Which of the following is true?

Trimurthi Fragrances (P) Ltd. v. State (NCT of Delhi), 2022 SCC OnLine SC 1247 में उच्चतम न्यायालय ने पूर्व-निर्णयों को उलटने (overruling) पर एक ऐतिहासिक निर्णय दिया। निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(1) Between a 7-judge bench decision decided 4:3 in favour of proposition X, and a 5-judge bench decision decided 5-0 against the proposition X, the 7-judge bench decision will be binding since it is a larger bench. / प्रतिपादना X के पक्ष में 4:3 से विनिश्चित 7-न्यायाधीशों की पीठ के विनिश्चय और प्रतिपादना X के विरुद्ध 5-0 से विनिश्चित 5-न्यायाधीशों की पीठ के विनिश्चय के बीच, 7-न्यायाधीशों की पीठ का विनिश्चय बाध्यकारी होगा क्योंकि वह बड़ी पीठ है। ✔

(2) Between a 7-judge bench decision decided 4:3 in favour of proposition X, and a 5-judge bench decision decided 5-0 against the proposition X, the 5-judge bench decision will be binding since a larger number of judges have decided against the proposition. / प्रतिपादना X के पक्ष में 4:3 से विनिश्चित 7-न्यायाधीशों की पीठ के विनिश्चय और प्रतिपादना X के विरुद्ध 5-0 से विनिश्चित 5-न्यायाधीशों की पीठ के विनिश्चय के बीच, 5-न्यायाधीशों की पीठ का विनिश्चय बाध्यकारी होगा क्योंकि अधिक संख्या में न्यायाधीशों ने प्रतिपादना के विरुद्ध विनिश्चय किया है।

(3) Between a 7-judge bench decision decided 4:3 in favour of proposition X, and a 5-judge bench decision decided 5-0 against the proposition X, neither will be binding and the matter has to be referred to a 9-judge bench. / प्रतिपादना X के पक्ष में 4:3 से विनिश्चित 7-न्यायाधीशों की पीठ के विनिश्चय और प्रतिपादना X के विरुद्ध 5-0 से विनिश्चित 5-न्यायाधीशों की पीठ के विनिश्चय के बीच, कोई भी बाध्यकारी नहीं होगा और मामले को 9-न्यायाधीशों की पीठ को निर्दिष्ट करना होगा।

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.82 In Janhit Abhiyan v. Union of India, 2022 SCC OnLine SC 1540, the Supreme Court upheld the 103rd Constitutional Amendment:

Janhit Abhiyan v. Union of India, 2022 SCC OnLine SC 1540 में उच्चतम न्यायालय ने 103वें संविधान संशोधन को कायम रखा:

(1) In its entirety. / इसकी संपूर्णता में। ✔

(2) Struck down parts of Article 15(6). / अनुच्छेद 15(6) के कुछ भागों को रद्द कर दिया।

(3) Upheld Article 15 (6) but limited its application for 10 years. / अनुच्छेद 15 (6) को कायम रखा किंतु इसके लागू होने को 10 वर्षों तक सीमित कर दिया।

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.83 In Shilpa Sailesh v. Varun Sreenivasan, 2023 SCC OnLine SC 544, the Supreme Court of India has delivered a judgment on the issue of irretrievable breakdown of marriage. Which of the following is true?
Shilpa Sailesh v. Varun Sreenivasan, 2023 SCC OnLine SC 544 में भारत के उच्चतम न्यायालय ने विवाह के असुधार्य रूप से टूट जाने के विषय पर निर्णय दिया है। निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?

(1) In exercise of its powers under Article 142(1) of the Constitution of India, the Court can grant divorce on grounds of irretrievable breakdown of marriage only when both parties consent to such divorce. / भारत के संविधान के अनुच्छेद 142(1) के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायालय विवाह के असुधार्य रूप से टूट जाने के आधार पर विवाह-विच्छेद तभी प्रदान कर सकता है जब दोनों पक्षकार ऐसे विवाह-विच्छेद के लिए सहमति दें।

(2) In exercise of its powers under Article 142(1) of the Constitution of India, the Court can grant divorce on grounds of irretrievable breakdown of marriage even when one party does not consent to such divorce. / भारत के संविधान के अनुच्छेद 142(1) के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायालय विवाह के असुधार्य रूप से टूट जाने के आधार पर विवाह-विच्छेद तब भी प्रदान कर सकता है जब एक पक्षकार ऐसे विवाह-विच्छेद के लिए सहमति न दे। ✔

(3) In exercise of its powers under Article 142(1) of the Constitution of India, the Court can grant divorce on grounds of irretrievable breakdown of marriage only when all the procedural and substantive requirements of divorce by mutual consent under the Hindu Marriage Act, 1955 are satisfied. / भारत के संविधान के अनुच्छेद 142(1) के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायालय विवाह के असुधार्य रूप से टूट जाने के आधार पर विवाह-विच्छेद तभी प्रदान कर सकता है जब हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के अंतर्गत पारस्परिक सम्मति से विवाह-विच्छेद की सभी प्रक्रियात्मक और सारवान अपेक्षाएँ पूरी हों।

(4) In exercise of its powers under Article 142(1) of the Constitution of India, the Court cannot grant divorce on grounds of irretrievable breakdown of marriage. / भारत के संविधान के अनुच्छेद 142(1) के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए, न्यायालय विवाह के असुधार्य रूप से टूट जाने के आधार पर विवाह-विच्छेद प्रदान नहीं कर सकता।

Q.84 In Arup Bhuyan v. State of Assam, 2023 SCC OnLine SC 338, the Supreme Court held that under the UAPA,
Arup Bhuyan v. State of Assam, 2023 SCC OnLine SC 338 में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम (UAPA) के अंतर्गत,

(1) the offence of membership in an unlawful association is made out only when the accused is an active member of an association that has been notified as unlawful by the government. / विधिविरुद्ध संगम की सदस्यता का अपराध तभी बनता है जब अभियुक्त ऐसे संगम का सक्रिय सदस्य हो जिसे सरकार द्वारा विधिविरुद्ध अधिसूचित किया गया है।

(2) the offence of membership in an unlawful association is made out only when the accused becomes a member after the association has been notified as unlawful. / विधिविरुद्ध संगम की सदस्यता का अपराध तभी बनता है जब अभियुक्त संगम के विधिविरुद्ध अधिसूचित किए जाने के पश्चात् उसका सदस्य बनता है।

(3) the offence of membership in an unlawful association is made out even when the accused is a mere member of an association that has been declared as unlawful by the government. / विधिविरुद्ध संगम की सदस्यता का अपराध तब भी बनता है जब अभियुक्त ऐसे संगम का मात्र सदस्य हो जिसे सरकार द्वारा विधिविरुद्ध घोषित किया गया है। ✔

(4) the offence of membership in an unlawful association violates Article 19(1)(c). / विधिविरुद्ध संगम की सदस्यता का अपराध अनुच्छेद 19(1)(c) का उल्लंघन करता है।

Q.85 In Subhash Desai v. Principle Secretary, Maharashtra, W.P. (C) No. 493/2022, the Supreme Court held that for purposes of the X Schedule of the Constitution, the Whip is to be appointed by

Subhash Desai v. Principle Secretary, Maharashtra, W.P. (C) No. 493/2022 में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि संविधान की दसवीं (X) अनुसूची के प्रयोजनों के लिए सचेतक (व्हिप) की नियुक्ति किसके द्वारा की जानी है?

(1) the legislature party. / विधायक दल

(2) the political party. / राजनीतिक दल ✔

(3) the Speaker. / अध्यक्ष (स्पीकर)

(4) the leader of the House. / सदन का नेता

Q.86 Whether an arbitration agreement under an unstamped contract between parties is enforceable? Answer in light of the latest Constitution Bench judgment in N.N. Global Mercantile (P) Ltd. v. Indo Unique Flame Ltd, 2023 SCC OnLine SC 495:

क्या पक्षकारों के बीच अस्टांपित संविदा के अंतर्गत माध्यस्थम् करार प्रवर्तनीय है? N.N. Global Mercantile (P) Ltd. v. Indo Unique Flame Ltd, 2023 SCC OnLine SC 495 में संविधान पीठ के नवीनतम निर्णय के आलोक में उत्तर दीजिए:

(1) Since an arbitration clause is separable from the underlying contract, non-stamping/inadequate stamping of the underlying contract will not impact the enforceability of the arbitration clause. / चूँकि माध्यस्थम् खंड अंतर्निहित संविदा से पृथक्करणीय है, इसलिए अंतर्निहित संविदा पर स्टांप न लगने/अपर्याप्त स्टांप लगने से माध्यस्थम् खंड की प्रवर्तनीयता पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(2) If the underlying contract is not stamped or not properly stamped, then the arbitration clause is not enforceable. / यदि अंतर्निहित संविदा पर स्टांप नहीं लगा है या उचित रूप से स्टांप नहीं लगा है, तो माध्यस्थम् खंड प्रवर्तनीय नहीं है। ✔

(3) Under the doctrine of Kompetenz Kompetenz, it is for the arbitrators to determine whether the arbitration clause is enforceable when the underlying contract is not stamped or not properly stamped. / कॉम्पिटेंज़-कॉम्पिटेंज़ (Kompetenz Kompetenz) के सिद्धांत के अंतर्गत, जब अंतर्निहित संविदा पर स्टांप नहीं लगा है या उचित रूप से स्टांप नहीं लगा है, तब यह अवधारित करना मध्यस्थों का कार्य है कि माध्यस्थम् खंड प्रवर्तनीय है या नहीं।

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.87 In Vijay Madanlal Choudhary v. Union of India, 2022 SCC OnLine SC 929, the Supreme Court held that the Authorities under the Prevention of Money Laundering Act, 2002 are:

Vijay Madanlal Choudhary v. Union of India, 2022 SCC OnLine SC 929 में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्राधिकारी हैं:

(1) Police Officers / पुलिस अधिकारी

(2) Not Police Officers / पुलिस अधिकारी नहीं ✔

(3) Civil Judges / सिविल न्यायाधीश

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.88 Police register a case under Section 124A, Section 120B and Section 153A of the IPC against Rama, a journalist. The trial is slated to begin. In light of the recent case laws, which of these statements is most accurate?

पुलिस एक पत्रकार रामा के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 124A, धारा 120B और धारा 153A के अंतर्गत मामला दर्ज करती है। विचारण आरंभ होने वाला है। हाल के निर्णयों के आलोक में, इनमें से कौन-सा कथन सबसे सटीक है?

(1) Rama can approach the concerned Court and request that the trial on the charges of Section 124A be kept in abeyance. / रामा संबंधित न्यायालय से संपर्क कर अनुरोध कर सकता है कि धारा 124A के आरोपों पर विचारण को आस्थगित रखा जाए। ✔

(2) Rama can approach the concerned Court and request that the trial on all charges under the IPC be kept in abeyance. / रामा संबंधित न्यायालय से संपर्क कर अनुरोध कर सकता है कि भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत सभी आरोपों पर विचारण को आस्थगित रखा जाए।

(3) Both (1) and (2). / (1) और (2) दोनों।

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.89 In light of the Supreme Court's order in State of Jharkhand vs Shailendra Kumar Rai in 2022, which statement is false?

2022 में State of Jharkhand vs Shailendra Kumar Rai में उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में, कौन-सा कथन असत्य है?

(1) The two finger test violates the right to privacy, integrity and dignity of a woman, however, it is scientifically sound. / टू-फिंगर टेस्ट स्त्री के निजता, शारीरिक अखंडता और गरिमा के अधिकार का उल्लंघन करता है, तथापि यह वैज्ञानिक रूप से ठोस है। ✔

(2) The victim's character and the prior sexual experience of a woman is irrelevant while examining whether the accused has raped her. / यह परीक्षण करते समय कि अभियुक्त ने स्त्री का बलात्संग किया है या नहीं, पीड़िता का चरित्र और स्त्री का पूर्व लैंगिक अनुभव असंगत है।

(3) The probative value of a woman's testimony does not depend upon her sexual history. / स्त्री के परिसाक्ष्य का साक्ष्यिक मूल्य उसके लैंगिक इतिहास पर निर्भर नहीं करता।

(4) The status of the hymen is not relevant since an intact hymen does not preclude sexual violence, and a torn hymen does not prove previous sexual intercourse. / हाइमन की स्थिति सुसंगत नहीं है क्योंकि अक्षत हाइमन लैंगिक हिंसा की संभावना को अपवर्जित नहीं करता, और फटा हुआ हाइमन पूर्व लैंगिक संभोग को साबित नहीं करता।

Q.90 Which of the following statements is inconsistent with the Supreme Court's decision in X v. The Principal Secretary Health, GNCTD in 2022?

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 2022 में X v. The Principal Secretary Health, GNCTD में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चय से असंगत है?

(1) Live-in relationships have been recognized by the Supreme Court. / उच्चतम न्यायालय द्वारा लिव-इन संबंधों को मान्यता दी गई है।

(2) The distinction between a married and unmarried woman bears a nexus to the basic purpose and object which is sought to be achieved by Parliament which is conveyed specifically by the provisions of Explanation 1 to Section 3 of the Act. / विवाहित और अविवाहित स्त्री के बीच का विभेद उस मूल प्रयोजन और उद्देश्य से संबंध (nexus) रखता है जिसे संसद प्राप्त करना चाहती है, जो विशिष्ट रूप से अधिनियम की धारा 3 के स्पष्टीकरण 1 के उपबंधों द्वारा व्यक्त होता है। ✔

(3) Divorced, widowed, single and unmarried women all have the reproductive choice whether to bear a child or not. / तलाकशुदा, विधवा, एकल और अविवाहित सभी स्त्रियों को यह प्रजनन संबंधी विकल्प प्राप्त है कि वे संतान को जन्म दें या नहीं।

(4) A woman's right to reproductive choice is an inseparable part of her personal liberty under Article 21 of the Constitution. / स्त्री का प्रजनन संबंधी विकल्प का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत उसकी दैहिक स्वतंत्रता का अविभाज्य भाग है।

Q.91 In its judgment in Kaushal Kishor v. State of U.P., (2023) 4 SCC 1, the Constitution Bench of the Supreme Court gave an interpretation dealing the horizontal and vertical application of fundamental rights. Which of the following propositions was upheld by the Supreme Court?

Kaushal Kishor v. State of U.P., (2023) 4 SCC 1 में अपने निर्णय में उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने मौलिक अधिकारों के क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर अनुप्रयोग से संबंधित निर्वचन दिया। उच्चतम न्यायालय द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिपादना कायम रखी गई?

(1) Article 19 is enforceable only horizontally. / अनुच्छेद 19 केवल क्षैतिज रूप से प्रवर्तनीय है।

(2) Article 19 is enforceable only vertically. / अनुच्छेद 19 केवल ऊर्ध्वाधर रूप से प्रवर्तनीय है।

(3) Article 19 is enforceable only in an indirectly horizontal manner. / अनुच्छेद 19 केवल अप्रत्यक्ष क्षैतिज रीति से प्रवर्तनीय है।

(4) Article 19 is enforceable both horizontally and vertically. / अनुच्छेद 19 क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों रूप से प्रवर्तनीय है। ✔

Q.92 In Union of India v. Mohit Minerals (P) Ltd., (2022) 10 SCC 700, the Supreme Court held that:

Union of India v. Mohit Minerals (P) Ltd., (2022) 10 SCC 700 में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि:

(1) The recommendations of the GST Council are binding. / GST परिषद की सिफ़ारिशें बाध्यकारी हैं।

(2) The recommendations of the GST Council are not binding. / GST परिषद की सिफ़ारिशें बाध्यकारी नहीं हैं। ✔

(3) The recommendations of the GST Council are binding unless they are repugnant to a central law. / GST परिषद की सिफ़ारिशें तब तक बाध्यकारी हैं जब तक वे किसी केंद्रीय विधि के विरुद्ध (प्रतिकूल) न हों।

(4) The recommendations of the GST Council are binding only if passed unanimously. / GST परिषद की सिफ़ारिशें केवल तभी बाध्यकारी हैं जब वे सर्वसम्मति से पारित की गई हों।

Q.93 In March 2035, a deadly virus Nutsflu emerges from the Republic of Moffgideon and sweeps the globe, killing millions. Pharmaceutical company Skywalker works against the clock and has a vaccine ready to roll out by September 2035. The Indian government issues a vaccine mandate and states that if individuals are not vaccinated, they will not have access to various public spaces. Millions in India receive the vaccine over the rest of 2035 and early 2036 and it is shown to be effective in reducing the severity of the infection and saving lives. By April 2036, infection rates are low. Leading media outlet R2D2 highlights research findings that the risk of transmission of the virus from unvaccinated individuals is almost on par with that from vaccinated persons. Bo-Katan files a case before the High Court of Uttarakhand contending that the vaccine mandate in the absence of informed consent is unconstitutional and interferes with Article 21. Which of the following is most accurate in light of the Supreme Court decisions in K.S. Puttaswamy (9-judge bench, 2017) and Jacob Puliyel vs Union of India (2 May, 2022)?

मार्च 2035 में, मॉफ़गिडियन गणराज्य से एक घातक विषाणु नट्सफ़्लू उत्पन्न होता है और पूरे विश्व में फैल जाता है, जिससे लाखों लोगों की मृत्यु हो जाती है। औषधि कंपनी स्काईवॉकर समय के विरुद्ध दौड़ते हुए काम करती है और सितंबर 2035 तक एक टीका जारी करने के लिए तैयार कर लेती है। भारत सरकार टीकाकरण अधिदेश जारी करती है और कहती है कि यदि व्यक्तियों का टीकाकरण नहीं हुआ है तो उन्हें विभिन्न सार्वजनिक स्थानों तक पहुँच नहीं मिलेगी। 2035 की शेष अवधि और 2036 के आरंभ में भारत में लाखों लोग टीका लगवाते हैं और यह संक्रमण की गंभीरता को कम करने और जीवन बचाने में प्रभावी सिद्ध होता है। अप्रैल 2036 तक संक्रमण दरें कम हो जाती हैं। प्रमुख मीडिया संस्थान R2D2 उन शोध निष्कर्षों को प्रमुखता से प्रकाशित करता है कि टीका न लगवाए हुए व्यक्तियों से विषाणु के संचरण का जोखिम लगभग टीका लगवाए हुए व्यक्तियों के समान ही है। बो-कैटन उत्तराखंड उच्च न्यायालय के समक्ष एक मामला दायर करती है जिसमें यह तर्क दिया जाता है कि सूचित सहमति के अभाव में टीकाकरण अधिदेश असंवैधानिक है और अनुच्छेद 21 में हस्तक्षेप करता है। K.S. Puttaswamy (9-न्यायाधीशों की पीठ, 2017) और Jacob Puliyel vs Union of India (2 मई, 2022) में उच्चतम न्यायालय के विनिश्चयों के आलोक में निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे सटीक है?

(1) All fundamental rights have limits and the communitarian health should always have priority over individual rights. Hence, the government's vaccine mandate is constitutional. / सभी मौलिक अधिकारों की सीमाएँ हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य को सदैव व्यक्तिगत अधिकारों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। अतः, सरकार का टीकाकरण अधिदेश संवैधानिक है।

(2) The Court does not have the expertise to decide on merits of scientific issues and interrogate whether the public health policy impinges on the right to life of persons. Hence, the Court should always defer to the Executive on public health issues. / न्यायालय के पास वैज्ञानिक मुद्दों के गुणागुण पर विनिश्चय करने और यह जाँचने की विशेषज्ञता नहीं है कि क्या लोक स्वास्थ्य नीति व्यक्तियों के प्राण के अधिकार का अतिक्रमण करती है। अतः, लोक स्वास्थ्य के मुद्दों पर न्यायालय को सदैव कार्यपालिका की राय को मान्यता देनी चाहिए।

(3) Both (1) and (2) / (1) और (2) दोनों

(4) The Court can examine the proportionality of the restrictions imposed by the vaccine mandate on the rights to bodily integrity and personal autonomy of unvaccinated individuals. / न्यायालय टीका न लगवाए हुए व्यक्तियों के शारीरिक अखंडता और वैयक्तिक स्वायत्तता के अधिकारों पर टीकाकरण अधिदेश द्वारा अधिरोपित निर्बंधनों की आनुपातिकता की जाँच कर सकता है। ✔

Q.94 The Supreme Court's decision in Budhadev Karmaskar v. State of West Bengal 2022 is related to sex workers. In light of the judgment, which of the statements is true?

Budhadev Karmaskar v. State of West Bengal 2022 में उच्चतम न्यायालय का विनिश्चय यौनकर्मियों से संबंधित है। निर्णय के आलोक में, कौन-सा कथन सत्य है?

(1) Due to their profession, sex workers are not entitled to immediate medical assistance, in accordance with Section 357C of the Code of Criminal Procedure, 1973 read with "Guidelines and Protocols: Medico-legal care for survivor/victims of sexual violence", Ministry of Health and Family Welfare. / अपने पेशे के कारण, यौनकर्मी दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 357C, सपठित स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के "Guidelines and Protocols: Medico-legal care for survivor/victims of sexual violence" के अनुसार तत्काल चिकित्सा सहायता के हकदार नहीं हैं।

(2) Whether the sex worker is participating with consent or not, the police officer must take criminal action, and arrest them, as it is against social morality. / चाहे यौनकर्मी सहमति से भाग ले रहा हो या नहीं, पुलिस अधिकारी को आपराधिक कार्रवाई करनी चाहिए और उन्हें गिरफ़्तार करना चाहिए, क्योंकि यह सामाजिक नैतिकता के विरुद्ध है।

(3) Both (1) and (2) / (1) और (2) दोनों

(4) No child of a sex worker should be separated from the mother merely on the ground that she is in the sex trade. / किसी यौनकर्मी की किसी भी संतान को माँ से केवल इस आधार पर अलग नहीं किया जाना चाहिए कि वह देह व्यापार में है। ✔

Q.95 In light of the latest judgment in Indira Jaising v. Supreme Court of India (dated 12 May 2023), which of these is not a factor to be counted while designating a lawyer as a Senior Advocate by the Supreme Court?

Indira Jaising v. Supreme Court of India (दिनांक 12 मई 2023) के नवीनतम निर्णय के आलोक में, उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी अधिवक्ता को वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में पदनामित करते समय इनमें से किस कारक को नहीं गिना जाता है?

(1) Research publications and teaching assignments / शोध प्रकाशन और शिक्षण कार्य

(2) Diversity / विविधता

(3) Number of mentioning before Chief Justice's Court / मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय के समक्ष मेंशनिंग की संख्या ✔

(4) Number of years of practice / विधि-व्यवसाय के वर्षों की संख्या

Q.96 The Lieutenant Governor transferred the Joint Commissioner of Police, Delhi East. The Government of Delhi filed a petition arguing that only the Chief Minister can transfer the officers in Delhi. In light of the latest judgment on the issue, kindly select the most accurate answer:

उपराज्यपाल ने संयुक्त पुलिस आयुक्त, दिल्ली पूर्व का स्थानांतरण किया। दिल्ली सरकार ने यह तर्क देते हुए याचिका दायर की कि दिल्ली में अधिकारियों का स्थानांतरण केवल मुख्यमंत्री ही कर सकते हैं। इस विषय पर नवीनतम निर्णय के आलोक में, कृपया सबसे सटीक उत्तर चुनिए:

(1) The Lieutenant Governor has the power to transfer the Joint Commissioner of Police. / उपराज्यपाल को संयुक्त पुलिस आयुक्त का स्थानांतरण करने की शक्ति है। ✔

(2) The Lieutenant Governor has the power to transfer any officer in Delhi. / उपराज्यपाल को दिल्ली में किसी भी अधिकारी का स्थानांतरण करने की शक्ति है।

(3) Only the Chief Minister of Delhi can transfer any officer in Delhi, as he is the elected head of government. / केवल दिल्ली के मुख्यमंत्री ही दिल्ली में किसी भी अधिकारी का स्थानांतरण कर सकते हैं, क्योंकि वे सरकार के निर्वाचित प्रमुख हैं।

(4) Both (1) and (2) / (1) और (2) दोनों

Q.97 Which of the following cases are being live-streamed by the Supreme Court of India?

भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा निम्नलिखित में से किन मामलों का सीधा प्रसारण (लाइव-स्ट्रीमिंग) किया जा रहा है?

(1) All matters related to constitutional law / संवैधानिक विधि से संबंधित सभी मामले

(2) Only Constitution bench hearing involving interpretation of the Constitution / केवल संविधान के निर्वचन से संबंधित संविधान पीठ की सुनवाई

(3) All Constitution bench hearings / संविधान पीठ की सभी सुनवाइयाँ ✔

(4) All cases / सभी मामले

Q.98 Can the decisions of the Supreme Court Collegium be subject to judicial review? Which is the most accurate answer?

क्या उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम के विनिश्चय न्यायिक पुनर्विलोकन के अधीन हो सकते हैं? सबसे सटीक उत्तर कौन-सा है?

(1) Yes, only on grounds of "suitability" of the candidate. / हाँ, केवल अभ्यर्थी की "उपयुक्तता" के आधार पर।

(2) Yes, only when "eligibility" of the candidate is in question. / हाँ, केवल तब जब अभ्यर्थी की "पात्रता" प्रश्नगत हो। ✔

(3) No. / नहीं।

(4) Both (1) and (2) / (1) और (2) दोनों

Q.99 In its judgment in Dobbs v. Jackson Women's Health Organization, dated 24 June 2022, what did the Supreme Court of the United States held?

दिनांक 24 जून 2022 के Dobbs v. Jackson Women's Health Organization में अपने निर्णय में संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने क्या अभिनिर्धारित किया?

(1) Procuring an abortion is not a fundamental constitutional right because such a right has no basis in the Constitution's text or in the Nation's history. / गर्भपात कराना मौलिक संवैधानिक अधिकार नहीं है क्योंकि ऐसे अधिकार का संविधान के पाठ या राष्ट्र के इतिहास में कोई आधार नहीं है। ✔

(2) Procuring an abortion is a fundamental constitutional right, despite such a right not having a basis in the Constitution's text or in the Nation's history. / गर्भपात कराना मौलिक संवैधानिक अधिकार है, भले ही ऐसे अधिकार का संविधान के पाठ या राष्ट्र के इतिहास में कोई आधार न हो।

(3) Procuring an abortion is a fundamental constitutional right, and it flows from the progressiveness in the Constitution's text and in the Nation's history. / गर्भपात कराना मौलिक संवैधानिक अधिकार है, और यह संविधान के पाठ तथा राष्ट्र के इतिहास में निहित प्रगतिशीलता से उद्भूत होता है।

(4) None of the above / उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.100 In the debates around same-sex marriage, there are questions related to adoption laws. Which of the following is not true under the adoption laws in India in the light of CARA Regulations and Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015? Select the most accurate answer.

समलैंगिक विवाह से संबंधित बहसों में दत्तक-ग्रहण विधियों से जुड़े प्रश्न उठते हैं। CARA विनियमों और किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के आलोक में भारत में दत्तक-ग्रहण विधियों के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है? सबसे सटीक उत्तर चुनिए।

(1) The consent of both the spouses for the adoption shall be required, in case of a married couple. / विवाहित दंपती के मामले में, दत्तक-ग्रहण के लिए दोनों पति-पत्नी की सहमति अपेक्षित होगी।

(2) A single female can adopt a child of any gender. / एकल स्त्री किसी भी लिंग के बच्चे को दत्तक ले सकती है।

(3) A single male may be eligible to adopt a child of any gender. / एकल पुरुष किसी भी लिंग के बच्चे को दत्तक लेने के लिए पात्र हो सकता है। ✔

(4) The minimum age difference between the child and either of the prospective adoptive parents shall not be less than twenty five years. / बच्चे और भावी दत्तक माता-पिता में से किसी के बीच न्यूनतम आयु का अंतर पच्चीस वर्ष से कम नहीं होगा।

Answer Key / उत्तर कुंजी

1 1	**2** 1	**3** 2	**4** 2	**5** 3	**6** 1	**7** 3	**8** 3	**9** 3	**10** 2	**11** 2	**12** 3	**13** 3	**14** 3	**15** 3
16 1	**17** 3	**18** 2	**19** 2	**20** 2	**21** 1	**22** 1	**23** 2	**24** 2	**25** 1	**26** 4	**27** 4	**28** 2	**29** 2	**30** 3
31 2	**32** 3	**33** 2	**34** 4	**35** 3	**36** 2	**37** 4	**38** 2	**39** 1	**40** 1	**41** 2	**42** 4	**43** 3	**44** 4	**45** 3
46 2	**47** 2	**48** 3	**49** 2	**50** 1	**51** 3	**52** 3	**53** 1	**54** 2	**55** 2	**56** 2	**57** 4	**58** 1	**59** 1	**60** 4
61 1	**62** 3	**63** 3	**64** 1	**65** 3	**66** 3	**67** 2	**68** 2	**69** 1	**70** 4	**71** 3	**72** 2	**73** 3	**74** 2	**75** 3
76 2	**77** 4	**78** 3	**79** 3	**80** 2	**81** 1	**82** 1	**83** 2	**84** 3	**85** 2	**86** 2	**87** 2	**88** 1	**89** 1	**90** 2
91 4	**92** 2	**93** 4	**94** 4	**95** 3	**96** 1	**97** 3	**98** 2	**99** 1	**100** 3					

* = marks to all / सभी को अंक

Quick Sarkari

Thank you for studying with QuickSarkari!

Get the latest Sarkari Naukri notifications, admit cards, results, answer keys and free previous-year papers first - follow us on WhatsApp and Telegram.

Visit www.quicksarkari.com

Join our WhatsApp Channel

https://whatsapp.com/channel/0029VaxxbrREquiPoXTWM229

Join our Telegram Channel

https://t.me/quick_sarkari

Share this PDF with your friends preparing for Supreme Court and other court exams.